शंकरम नीलकंठम महादेवम शिवम

शंकरम नीलकंठम महादेवम शिवम,
शम्भू शिव नाथ भोले पिनाकी नमम...

शिव की पूजा से आसान कुछ भी नहीं,
श्रद्धा से मांग लो मिल जाता है वही...

प्राण शिव हैं शिव बिन तो कुछ भी नहीं,
जिसने जाना ना शिव कुछ भी जाना नहीं...

शिव को पाना है तो बस करो तुम यही,
ऊं नमः शिवाय जपो हर घड़ी...

शिव उम्मीद हैं और सहारा भी शिव,
जहां देखोगे तुम शिव दिखते वहीं....

चाहे जिस नाम से तुम बुला लो उन्हें,
भाव न हो तो फिर शिव मिलते नहीं....

श्वास की माला का हर मोती हैं शिव,
शिव मोती बिना श्वास माला नहीं......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27702/title/shankarm-neelkantham-mahadevam-shivam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |